CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 217 ▫ रायपुर, रविवार 30 अगस्त 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## राजधानी समेत पूरे प्रदेश में हो रही झमाझम बारिश, जनजीवन हुआ प्रभावित

# खतरे के निशान के करीब गंगरेल बांध, जल्द खुल सकते हैं गेट



**धमतरी, 30 अगस्त (हाईवे चैनल)।** हफ्ते भर से रूक-रूककर हो रही बारिश का दौर अब भी जारी है। जिले के सभी क्षेत्रों में थोड़ी देर के लिए बारिश भले ही थम जाए, पर झड़ी का दौर थमा नहीं है। दो दिन से सुबह से अंचल में बारिश शुरू हुई, जो थमने का नाम नहीं लिया। रूक-रूककर पूरे दिन बारिश होती रही। देर शाम तो झमाझम बारिश हुई। लगातार बारिश से जारी है। बारिश व झड़ी को देखते हुए ज्यादातर लोग घरों में दुबके रहे। कामकाजी लोग छतरी व बरसाती के साथ घरों से बाहर निकले। पूरे दिन रूक-रूककर बारिश होती रही। कुछ लोग हल्की बारिश के बीच निकले, भी तो भींगते रहे। हालांकि बारिश हल्की होने की वजह से गलियों व सड़कों पर ज्यादा पानी नहीं भरा, लेकिन गड्ढे वाले सड़कों पर पानी भर गया।

**गंगरेल बांध में साढ़े 29 टीएमसी जलभराव :** अंचल में बारिश अच्छी हो रही है, लेकिन गंगरेल बांध के कैचमेंट क्षेत्र में बारिश कम है। चारामा व कांकेर क्षेत्र में कम बारिश के चलते गंगरेल बांध में पानी की आवक नहीं के बतौर है इसलिए अभी तक गंगरेल बांध में सिर्फ साढ़े 29 टीएमसी जलभराव है, जबकि पूरे सावन का महीना निकल गया। अब तक गंगरेल बांध लबालब नहीं हो पाया। बांध के गेटों को खोलने की नौबत नहीं आ पाया। भादो माह में यदि झमाझम कुछ दिनों तक बारिश होती है, तो बांध की प्यास बूझने के साथ गेट खुलने की संभावना है। फिलहाल बांध को लबालब होने के लिए करीब डेढ़ से दो टीएमसी पानी की जरूरत है। इसी तरह माड़मसिल्ली में पांच टीएमसी जलभराव है। दुधावा बांध में सवा आठ टीएमसी और सोंढूर बांध में पांच टीएमसी पानी भरा हुआ है। सभी बांधों में पानी की आवक नहीं के बतौर है इसलिए बांध फिलहाल लबालब नहीं है।

### धान फसल के लिए फायदेमंद है यह बारिश

किसान बंशी साहू, अवध निषाद, परमानंद साहू ने बताया कि अर्ली वेरायटी के धान फसल लेने वाले किसानों के धान फसल तैयार हो रही है। जल्द ही बालियां निकल आएगी। इस बीच धान फसल की सिंचाई के लिए बारिश हो रही है, जो काफी फायदेमंद है। जब धान के पौधों से बालियां निकलती रहती है या निकलने के समय रहता है, तो इस तरह हल्की बारिश होने से यह फसल के लिए अच्छा रहता है।

## छत्तीसगढ़ में मानसून की बढ़ेगी रफ्तार अगले 5 दिन जमकर बरसेंगे बादल!

**रायपुर, 30 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ में सितंबर महीने की शुरुआत बारिश के साथ होने के मजबूत संकेत हैं. पूरे प्रदेश में आज से बारिश का दायरा और तीव्रता बढ़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 5 दिनों तक कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की आशंका है. मानसून सीजन में अब तक प्रदेश में सामान्य से करीब चार फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है।



मौसम विभाग ने बताया कि पिछले 24 घंटे में प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है. वहीं अब मानसून की गतिविधियां और तेज होने के आसार हैं। बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दबाव क्षेत्र के प्रभाव से 30 अगस्त से प्रदेश के कई हिस्सों में मध्यम से भारी बारिश हो सकती है. बारिश का दौर 3 सितंबर तक सक्रिय रहने की संभावना है। राजधानी रायपुर में 30 अगस्त को आकाश सामान्यतः मेघमय रहने तथा गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है. इस दौरान अधिकतम तापमान 27 डिग्री और न्यूनतम 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। मौसम विभाग ने रविवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज मौसम बिगड़ने की संभावना जताई है. कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली और कोरिया में बारिश को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है. वहीं सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर, बालोद, राजनांदगांव, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाज़ार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, कोरिया और बलरामपुर में आकाशीय बिजली गिरने, तेज हवाएं चलने और वर्षा की संभावना जताई गई है।

## अदनार जंगल में डंप किए गए नक्सलियों का हथियार और गोला बारूद बरामद

### आईईडी और छिपाए गए हथियारों की तलाश में ऑपरेशन जारी



**जगदलपुर, 30 अगस्त (हाईवे चैनल)।** नारायणपुर जिले में अदनार के जंगल में चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान जवानों को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जवानों ने जमीन में गाड़कर छिपाए गए हथियारों का जखीरा बरामद किया. हथियारों के जखीरे में गोला बारूद के साथ-साथ विस्फोटक भी मिला है.



बरामद विस्फोटकों को घने जंगलों के बीच प्लास्टिक से कवर कर रखा गया था. जवानों की टीम जब एरिया डोमिनेशन पर निकली तो उनको जमीन के नीचे कुछ छिपाए जाने का शक हुआ. जवानों ने तत्काल मौके पर सावधानी के साथ खुदाई शुरू की. खुदाई को दौरान जवानों को एक बड़ा नक्सली डंप मिला। बरामद किए गए हथियार में 10 रायफल, 2 ग्रेनेड लॉन्चर, 13 जिंदा बीजीएल शेल, 16 जिंदा कारतूस, 2 किलोग्राम विस्फोटक, 1 टेलिस्कोपिक साइट शामिल है।

बरामद किए गए हथियारों और विस्फोटकों को सुरक्षाबलों ने अपने कब्जे में लेकर नियमानुसार कार्रवाई शुरू कर दी है. यह अभियान नारायणपुर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार पटेल और 129वीं वाहिनी बीएसएफ के कमांडेंट मुकेश कुमार के निर्देशन में चलाया गया. अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ऑप्स) अक्षय सबद्रा भी शामिल रहे. फोर्स ने बताया कि नारायणपुर जिले के अंदरूनी इलाकों में पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा बलों के बीच बेहतर समन्वय के साथ लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है। इन अभियानों का उद्देश्य जंगलों में पूर्व में नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटक सामग्री के डंप का पता लगाना है। सुरक्षा बलों का मानना है कि पुराने डंप की बरामदगी से क्षेत्र में मौजूद नक्सली गतिविधियों के अवशेषों को समाप्त करने में मदद मिलेगी।

## ब्रेकिंग न्यूज

### यूपी में दो बहनों पर तेजाब डाला रिश्ता टूटने के बाद भी शादी को दबाव बना रहा था आरोपी

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (न्यूज चैनल)।** उत्तर प्रदेश के हापुड़ जिले के एक गांव में दो बहनों पर तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में दोनों बहनों को मेरठ रेफर कर दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है। जानकारी के अनुसार, सिंभावली थाना इलाके के गांव निवासी व्यक्ति ने हापुड़ निवासी युवक पर घर में घुस कर उनकी दो बेटियों पर तेजाब डालने का आरोप लगाया है। दोनों युवतियों को गंभीर हालत में मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने अपनी बड़ी बेटी का रिश्ता हापुड़ की आवास विकास कालोनी के रहने वाले हर्ष के साथ तय किया था। रिश्ता तय होने के बाद जानकारी हुई कि हर्ष नशा करता है। जिस कारण रिश्ता तोड़ दिया। पीड़ित का कहना है आरोपी लगातार उनकी बेटी से शादी करने का दबाव बना रहा था। स्पष्ट इंकार करने पर वह भड़क गया। आरोप है कि युवक शनिवार रात करीब सवा दो बजे बोतल में तेजाब लेकर दीवार फांद कर घर में घुस गया।

## भिलाई में मांगी लिफ्ट मिली मौत

**दुर्ग, रायपुर, 30 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के भिलाई से हत्या की एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है, जहां शनिवार रात हुई चाकूबाजी की घटना में गम्भीर रूप से घायल युवक की रविवार सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरु कर दी है। यह पूरा मामला मामला सुपेला थाना क्षेत्र के नेहरू नगर चौक का है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान कैंप-01 निवासी शिव कुमार सिंह के रुप में हुई है। शिव अपने दोस्त शिशांत के साथ बाइक से नेहरू नगर चौक पहुंचा था। शिव को चिचोला जाना था, जहां वह दुकान चलाता था। रात में वह चौक पर ट्रक को रोककर लिफ्ट लेने का प्रयास कर रहा था। ट्रक के नहीं रुकने पर उसने वहां से गुजर रहे स्कूटी सवार युवकों को रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच बहस हो गई।



बताया जा रहा है कि स्कूटी पर दो युवक और एक युवती सवार थे। बहस के दौरान स्कूटी सवार एक युवक ने शिव के बाएं पैर में जांघ के ऊपर सामने की ओर चाकू मार दिया। चाकू लगने से शिव कुमार घायल होकर गिर पड़ा। वारदात के बाद आरोपी स्कूटी सवार अंडरब्रिज की ओर से टाउनशिप की तरफ फरार हो गए। घायल शिव को पुलिस तत्काल इलाज के लिए हाईटेक अस्पताल लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज रेफर किया, जहां रविवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर शोभराज अग्रवाल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

## कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला: बदमाशों ने घर घुसकर की मारपीट, राजनीतिक रंजिश की आशंका

**अंबिकापुर, 30 अगस्त (हाईवे चैनल)।** छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में कांग्रेस नेता गुरुप्रीत सिंह सिद्धू पर जानलेवा हमले का मामला सामने आया है. शनिवार रात करीब 15 से 20 बदमाशों ने कांग्रेस नेता के घर में घुसकर ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए हैं. वारदात से इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना के पीछे पुरानी राजनीतिक रंजिश का एंगल भी सामने आ रहा है. फिलहाल हमले की वजह और आरोपियों की पहचान की पुलिस जांच कर रही है। मामला मणिपुर थाना क्षेत्र के दर्रीपारा इलाके का है. पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के करीबी माने जाने वाले कांग्रेस नेता गुरुप्रीत सिंह सिद्धू के घर में शनिवार की देर रात हथियारों से लैस बदमाश घुस गए. इनकी संख्या करीब 15 से 20 बताई जा रही है. हमले में कांग्रेस नेता के आंख में गंभीर चोटें आई हैं. घटना के बाद उन्हें इलाज के अस्पताल लाया गया है।

**भाजपा नेता पर हमला कराने का गंभीर आरोपः** कांग्रेस नेता गुरुप्रीत सिंह सिद्धू ने हमले के पीछे भाजपा नेता प्रकाश साहू का हाथ होने का आरोप लगाया है. सिद्धू का कहना है कि पुरानी राजनीतिक रंजिश के चलते उनके खिलाफ हमला करवाया गया. उन्होंने आरोप लगाया कि सोशल मीडिया पर भाजपा नेता के खिलाफ किए जा रहे पोस्ट को लेकर उनके ऊपर शक जताया जा रहा था. इसी वजह से शनिवार को भाजपा नेता के समर्थक उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी. हमलावर घर के अंदर भी घुसे और वहां भी हमला किया. सिद्धू ने बताया कि उन्होंने पूर्व में ही आईजी को अपनी जान को खतरा होने की सूचना दी थी. उनका आरोप है कि इससे पहले भी उनके खिलाफ फर्जी एफआईआर दर्ज कराई जा चुकी है, लेकिन शिकायत के बावजूद पुलिस ने कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की।



### कांग्रेस नेता के आरोप बेबुनियादः प्रकाश साहू

भाजपा नेता प्रकाश साहू ने कांग्रेस नेता के आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए खुद को फंसाने की कोशिश करार दिया है. साहू का कहना है कि घटना के दौरान वह अपने घर पर थे और जिन लोगों ने वारदात को अंजाम दिया है, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए. उन्होंने दावा किया कि सिद्धू उनसे पुरानी राजनीतिक रंजिश रखते हैं. उन्होंने पहले ही आईजी को आवेदन देकर आशंका जताई थी कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया जा सकता है. उनका आरोप है कि अब भी इसी तरह की कोशिश की जा रही है. उन्होंने कहा कि वार्ड चुनाव में भाजपा की जीत से नाराज होकर उनके खिलाफ इस तरह का प्रोपेगेंडा किया जा रहा है।

## पीएम मोदी-मिर्जियोयेव की मुलाकात का असर, रिश्ते हुए व्यापक; कई बड़े समझौतों पर बनी सहमति

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री मोदी ने उज्बेकिस्तान के स्वतंत्रता दिवस की आगामी 35वीं वर्षगांठ पर राष्ट्रपति मिर्जियोयेव और वहां के लोगों को अग्रिम शुभकामनाएं दीं। पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष भारत और उज्बेकिस्तान अपनी रणनीतिक साझेदारी की 15वीं वर्षगांठ भी मना रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि दोनों देश अब अपने संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस नई रूपरेखा के तहत दोनों देश सहयोग के लिए ठोस लक्ष्य तय कर आगे बढ़ेंगे। पीएम मोदी ने बताया कि दोनों देशों के बीच सहयोग के सभी क्षेत्रों को दिशा देने के लिए विदेश मंत्री स्तर पर एक समन्वय परिषद स्थापित की जाएगी। साथ ही संयुक्त आयोग को सचिव स्तर से बढ़ाकर मंत्री स्तर का किया जाएगा। दोनों देशों के कारोबारी नेताओं की भागीदारी वाला एक संयुक्त बिजनेस समिट भी आयोजित किया जाएगा।



# 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' के संकल्प को जन-आंदोलन बनाएंः मोदी

**नई दिल्ली, 30 अगस्त (न्यूज चैनल)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' में युवाओं को नशे से दूर रखने और 'नशा मुक्त युवा-विकसित भारत' के संकल्प को जन-आंदोलन बनाने का संदेश दिया है। नशा मुक्त युवा ही सशक्त और विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। प्रधानमंत्री के आह्वान से देश के युवाओं में नशे के विरुद्ध जागरूकता बढ़ने के साथ ही स्वस्थ, सकारात्मक और राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित युवा शक्ति के निर्माण को नई ऊर्जा मिलेगी।

पीएम मोदी ने कहा, मेरे प्यारे देशवासियों, हमारे पर्व और त्योहार, हमारी परंपराओं के साथ-साथ, हमें एक-दूसरे से जुड़ने का भी अवसर देते हैं। आने वाले दिनों में हम और भी कई महत्वपूर्ण पर्व मनाने जा रहे हैं। 4 सितंबर को जन्माष्टमी का पावन पर्व है। सितंबर में ही हम विश्वकर्मा पूजा भी मनाएंगे। इस अवसर पर अपने आसपास के कारीगरों, शिल्पकारों और विश्वकर्मा साथियों का सम्मान करना चाहिए। कुछ महीनों बाद दीपावली भी आने वाली है, इसकी तैयारियां भी धीरे-धीरे शुरू हो रही हैं। त्योहारों के इस मौसम में, मैं एक बार फिर, आपसे, वोकल फॉर लोकल का आग्रह दोहराऊंगा और वोकल फॉर लोकल का मतलब केवल मिट्टी के दीये खरीदना नहीं है, इसका विजन बहुत बड़ा है। हम अपने घर के लिए जो भी सामान खरीदते हैं, उसे एक बार जरूर देख लें कि वो भारत में बना हो। भारत के आत्मनिर्भर बनने का मार्ग, भारत में बनी चीजों पर गर्व करने से ही प्रशस्त होगा। इस संदेश को ज्यादा-से-ज्यादा लोगों तक पहुंचाना भी हमारी जिम्मेदारी है। हमारे क्रिएटिव दुनिया के साथियों, इंफ्लूएंसर्स और सेलेब्रिटीज की भी इसमें बहुत बड़ी भूमिका है। मेरा आपसे आग्रह है कि स्वयं भी वोकल फॉर लोकल को अपनाए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित कीजिए।



### सूर्यपथ तिरंगा अभियान का प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में किया जिक्र

पीएम मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में कहा-मेरे प्यारे देशवासियों, कुछ ही दिनों में 3 सितंबर को हम महानायक उत्तम कुमार की जन्म-शताब्दी मनाएंगे। साथियों, उत्तम कुमार एक बहुमुखी अभिनेता थे, जो अपने अभिनय से लोगों के दिलों में रच-बस गए। फिल्म के चाहने वालों का मानना है कि सत्यजीत रे ने फिल्म नायक-द हीरो की पूरी स्क्रिप्ट महानायक उत्तम कुमार को ध्यान में रखकर लिखी थी। सत्यजीत रे ने कहा था कि उनमें गरिमा के साथ-साथ अद्भुत भावनात्मक गहराई भी थी। किरदार को वो जीवंत बनाने के लिए बहुत मेहनत करते थे। उत्तम कुमार अपनी सहजता के साथ ही परोपकार के लिए भी जाने जाते थे। उनके जीवन से कभी भी हार न मानने की एक और बड़ी सीख भी मिलती है। उनकी शुरुआती फिल्में बहुत नहीं चलीं, लेकिन उन्होंने अपने काम पर फोकस बनाए रखा। इसी का परिणाम था कि उन्होंने इतनी ऊंचाई हासिल की। साथियों, मुझे ध्यान है कि जब मैं कोलकाता में रोड शो कर रहा था, तो मैं उत्तम कुमार के घर के सामने से भी गुजरा था।

# नेपाल में तबाही के बाद भोटेकोशी नदी फिर उफान पर

## मलबे में शव मिलने का सिलसिला जारी



**नई दिल्ली, 30 अगस्त (न्यूज चैनल)।** नेपाल में विनाशकारी आकस्मिक बाढ़ के कुछ दिन बाद रविवार को भोटेकोशी नदी का जलस्तर फिर बढ़ गया जिसके बाद बाढ़ प्रभावित जिलों में रहने वाले लोगों और बचावकर्मियों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। नेपाल में 26 अगस्त को आई अचानक बाढ़ में मरने वालों की संख्या रविवार को 700 के पार पहुंच गई, जबकि करीब 2,500 लोग अब भी लापता हैं। माना जा रहा है कि यह आपदा नेपाल-तिब्बत सीमा के निकट हिमनद के टूटने के बाद हिमस्खलन जैसी घटना से आई। इसने मध्य नेपाल के कई कस्बों और गांवों में भारी तबाही मचाई। हिमालयी सीमा क्षेत्र से दक्षिण की ओर बहने वाली भोटेकोशी नदी बाढ़ के पानी को नीचे की ओर ले गई, जिससे घर, वाहन, सड़कें और पुल बह गए तथा जलविद्युत परियोजनाओं को नुकसान पहुंचा। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीआरआरएमए) ने एक बयान में बताया कि नदी का जलस्तर फिर बढ़ गया है। प्राधिकरण ने रविवार को कहा, बाढ़ प्रभावित भोटेकोशी नदी का जलस्तर फिर बढ़ गया है। सभी संबंधित लोगों से एहतियाती कदम उठाने का आग्रह किया जाता है।

CMYK